# कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ0ग0) 490023
फोन नं. –0788–2350125 ई–मेल : Bhilai-Nagra-Nigam@cg.gov.in

क्र. / ए – / सा.प्र.वि. / शि.जा. / 26 / 15822 भिलाई, दिनांक 11.07.26

## / / आदेश / /

कार्यालयीन आदेश क्रं. / GENS / 37793 / 2026 / STENO SEC भिलाई दिनांक 22.05.2026 के द्वारा **श्री नवीन कुमार साहू, सहायक ग्रेड 02** को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति तथा मूल निवास के सबंध में लोक / निजी दस्तावेजों में साक्ष्य उपलब्ध नहीं होने के कारण सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाई आ रही है, ऐसे व्यक्तियों की जाति के संबंध में उद्घोषणा हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने तथा महापौर परिषद की बैठक दिनांक 27.05.2025 में पारित संकल्प के परिपालन मे नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही में उदासीनता एवं लापरवाही बरती जाने के कारण निलंबित किया गया।

निलंबन पश्चात् कार्यालयीन आदेश क्रं. / एफ– / सा.प्र.वि. / शि.जा. / ESTB / 15822 / 2026 / ESTT SEC भिलाई दिनांक 23.06.2026 के द्वारा विभागीय जांच संस्थित कर आरोप पत्र जारी किया गया। आरोपो के संबंध में प्रस्तुत जवाब के परिशीलन में पाया गया कि सलाहकार समिति के पदाधिकारी द्वारा अनिर्णय के कारण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकगण की जाति के संबंध में सामान्य सभा द्वारा घोषणा की कार्यवाही समय पर नहीं की गयी तथा सलाहकार समिति की बैठको की लिखित सूचना जारी करने एवं कार्यवाही विवरण तैयार करने में प्रथम दृष्टया लापरवाही बरती गई है।

तत्पश्चात् विभागीय जांच में समुचित विचार उपरांत **श्री नवीन कुमार साहू, सहायक ग्रेड 02** के विरूद्ध परिनिन्दा की लघुशास्ति अधिरोपित की जाती है तथा भविष्य के लिए इस प्रकार का कृत्य की पूनरावृत्ति न हो की चेतावनी देते हुए उनके के विरूद्ध संस्थित विभागीय जांच को समाप्त किया जाता है तथा निलंबन अवधि को कर्तव्य अवधि नही मानते हुए निलम्बन से बहाल किया जाता है तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग में पदस्थ किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

Digitally signed by
RAJEEV KUMAR PANDEY
Date: 11-07-2026
15:19:59

**आयुक्त**
**नगरपालिक निगम**
**भिलाई**

**पृ.क्र. / एफ– / सा.प्र.वि. / शि.जा. / 26 /** 15822 **भिलाई, दिनांक** 11.07.26

**प्रतिलिपि :–**

1. महापौर महोदय / अध्यक्ष नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त 01 / प्रभारी अधिकारी अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. उपायुक्त 02, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. लेखाधिकारी / जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. सहायक अधीक्षक स्थापना, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. प्रभारी स्थापना लिपिक, नगर पालिक निगम, भिलाई को अग्रिम कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

8. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को विभागीय [redacted] अपलोड करने हेतु।
9. **श्री नवीन कुमार साहू, सहायक ग्रेड 02,** नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त
नगरपालिक निगम
भिलाई